महामंत्र जोइ जपत महेसू । कासीं मुकुति हेतु उपदेसू ॥
मंत्र महामनि बिषय ब्याल के । मेटत कठिन कुअंक भाल के ॥

| Ram Katha 939 – मानस मंत्राष्टक || Troms, Norway || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 02 | इंदौर, शनिवार 13 जुलाई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. **PM Mumbai Visit:** पीएम मोदी आज विकास कार्यों की सौगात देंगे; 29400 करोड़ की MMRDA-BMC परियोजनाओं का शिलान्यास
2. **Weather Update :** दिल्ली-एनसीआर में तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश
3. **US Election:** 'एलन मस्क ने डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन करने वाले समूह को दिया भारी चंदा', रिपोर्ट का दावा
4. **Dehradun:** संदिग्ध रेडियोएक्टिव उपकरण संग पांच गिरफ्तार, IT के पूर्व अफसर के किराए पर लिए घर में चल रही थी डील
5. **IND vs ZIM :** टी20 सीरीज में अजेय बढ़त लेने उतरेगा भारत
6. **IAS Pooja Khedkar:** बंदूक लहराकर किसानों को धमकाने का मामला, आईएएस पूजा खेडकर के माता-पिता के खिलाफ एफआईआर
7. **Andhra Pradesh:** डांस शो के दौरान कलाकार ने बेरहमी से मुर्गी का सिर काटा, खून चेहरे पर लगाया; मामला दर्ज

# आज 8 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट

## मप्र से ट्रफ दूर, साइक्लोनिक सर्कुलेशन से हो रही बारिश, भोपाल-इंदौर समेत 12 जिले भीगे



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश से ट्रफ लाइन भले ही दूर निकल गई हो, लेकिन उत्तरी गुजरात में एक्टिव साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम की वजह से कई जिलों में बारिश का दौर जारी है। शुक्रवार को भोपाल-इंदौर समेत 12 जिले भीगे, जबकि शनिवार को 8 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट है।**

आईएमडी भोपाल की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि पूरे प्रदेश में गरज-चमक की स्थिति रहेगी। बिजली गिरने के आसार ज्यादा है। मानसून ट्रफ लाइन काफी ऊपर चली गई है। उत्तरी गुजरात में एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन है। यही सिस्टम बारिश करा रहा है। पश्चिमी हिस्से में शुक्रवार को बारिश हुई। शनिवार को कुछ जिलों में बारिश हो सकती है। वहीं, धूप-छांव की स्थिति भी रहेगी।

### सीधी में 1.4 इंच, भोपाल, गुना, नौगांव में 1-1 इंच बारिश

कई जिलों में शुक्रवार को भी तेज बारिश का दौर जारी रहा। सीधी में 1.4 इंच पानी गिर गया। भोपाल, गुना और नौगांव में करीब 1 इंच बारिश हुई। बैतूल, धार, इंदौर, खंडवा, रतलाम, खजुराहो, रीवा, टीकमगढ़ और बालाघाट के मलाजखंड में भी बारिश हुई।

### इन जगहों पर रात में बदला रहा मौसम

रात में टीकमगढ़, निवाड़ी के ओरछा, छतरपुर के खजुराहो, पन्ना, दमोह, हरदा, सतना के चित्रकूट, अशोकनगर, भोपाल, सागर, खंडवा, खरगोन, बैतूल, गुना, राजगढ़, देवास, सिवनी, बालाघाट, उमरिया, शहडोल, कटनी, शिवपुरी, दतिया के रतनगढ़, विदिशा के उदयगिरि, रायसेन के भीमबेटका और सांची, सीहोर, रतलाम, शाजापुर, आगर-मालवा, उज्जैन, बड़वानी, इंदौर, बुरहानपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा , जबलपुर, नर्मदापुरम के पचमढ़ी, नरसिंहपुर, मंडला, डिंडोरी, अनूपपुर के अमरकंटक, रीवा, सीधी, सिंगरौली और श्योपुर में भी मौसम बदला रहा।

### कई शहरों में गर्मी का असर

बारिश के दौर के बीच कई शहरों में गर्मी का असर भी रहा। ग्वालियर, नरसिंहपुर, टीकमगढ़ और खजुराहो में पारा 35 डिग्री के पार रहा। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 32.8 डिग्री, इंदौर में 30.7 डिग्री, जबलपुर में 33.6 डिग्री और उज्जैन में पारा 32.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

नर्मदापुरम के पचमढ़ी में पारा सबसे कम 28 डिग्री रहा। नौगांव में 28.5 डिग्री और खंडवा में पारा 29.1 डिग्री सेल्सियस रहा।

# पौधारोपण करने वालों के लिए संजय शुक्ला ने की भोजन नाश्ते की व्यवस्था

## आयोजन स्थल पर भोजन करने के लिए बनाए चार पांडाल

### पूरा भोजन होगा शुद्ध घी में तैयार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर । विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 के पूर्व विधायक संजय शुक्ला के द्वारा रेवती रेंज पर पौधारोपण करने के लिए आने वाले नागरिकों के लिए भोजन और नाश्ते की व्यवस्था की जा रही है । इन नागरिकों के लिए चार पांडाल बनाए गए हैं । हर पांडाल में अलग-अलग भोजन तैयार होगा । पूरा भोजन शुद्ध घी से बनाया जाएगा ।**

प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के द्वारा कल रविवार को विश्व कीर्तिमान के लिए रेवती रेंज पर पौधारोपण का आयोजन रखा गया है । इस आयोजन में भाग लेने के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी इंदौर पहुंच रहे हैं । इस आयोजन में सभी समाजों की सहभागिता को सुनिश्चित करने के लिए विजयवर्गीय एवं महापौर पुष्यमित्र भार्गव के द्वारा अलग-अलग स्तर पर बैठक लेकर सभी का विश्वास अर्जित किया गया है । इस आयोजन के लिए रेवती रेंज पर व्यापक तैयारियां की गई है । विजयवर्गीय ने इस आयोजन में भाग लेने के लिए आने वाले लोगों के भजन नाश्ते की व्यवस्था का पूरा दायित्व कांग्रेस से भाजपा में आने वाले पूर्व विधायक संजय शुक्ला को सौपा है । वैसे भी जब शुक्ला विधायक से तब वे अपने विधानसभा क्षेत्र में नागरिकों के लिए अक्सर भोजन भंडारे का आयोजन किया करते थे ।

पूर्व विधायक शुक्ला ने बताया कि आयोजन स्थल पर एक लाख नागरिकों के भोजन और नाश्ते की व्यवस्था की जा रही है । इस आयोजन में भाग लेने के लिए सुबह जल्दी आ जाने वाले नागरिकों के लिए नाश्ते में पोहे और आलू बड़े रखे गए हैं । इसके बाद में भोजन शुरू हो जाएगा, जो की शाम तक निरंतर चलता रहेगा ।

इस भोजन में नागरिकों के लिए पूरी, सब्जी, सेंव, लोंजी, खिचड़ी और मोती पाक रखा गया है । भोजन के लिए जो पांडाल बनाए गए हैं उनमें से हर पांडाल के पास में एक रसोई घर भी बनाया गया है । जहां पर उस पांडाल में पहुंचने के लिए भोजन बनेगा ।

ग्राम रेवती की ओर वाले भोजन पांडाल का प्रभारी पूर्व विधायक विशाल पटेल और जयदीप जैन को बनाया गया है, जबकि पालिया की ओर वाले भोजन पांडाल का प्रभारी पूर्व विधायक जीतू जिराती को बनाया गया है । मुख्य भोजन का पांडाल बीएसएफ की तरफ वाला रहेगा । जहां पर इस आयोजन में भाग लेने वाले विशिष्ट अतिथि भी पहुंचेंगे । इस पांडाल के प्रभारी खुद संजय शुक्ला है । हर पांडाल में सो कार्यकर्ताओं की टीम लगी रहेगी । इसके अलावा सभी नागरिकों तक भोजन सर्वे करने के लिए 300 वेटर भी रखे गए हैं । यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि हर नागरिक को भोजन करने के दौरान गरम भोजन मिले ।

### भोजन बनाने में लगेगा साढे 3 हजार किलो घी

विधायक शुक्ला ने बताया कि इस आयोजन में भाग लेने के लिए आने वाले लोगों के लिए पूरा भोजन शुद्ध घी से बनाया जाएगा । इसके लिए 150 डब्बे घी मंगवाया गया है । हर डब्बे में 13 किलो घी है । इस हिसाब से इस भोजन बनाने के कार्य में कुल 3450 किलो घी लगेगा ।

# शासकीय भूमि पर अनाधिकृत कब्जा करने वाले का 15 दिन की जेल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर जिले में शासकीय भूमि तथा अन्य भूमि पर अनाधिकृत कब्जा करने तथा भूमि के अवैध क्रय-विक्रय करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देश पर अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। इसी सिलसिले में आज जिले अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) खुड़ैल क्षेत्र के एसडीएम श्री गोपाल वर्मा ने बड़ी कार्यवाही करते हुए एक शासकीय भूमि पर अनाधिकृत कब्जा करने वाले व्यक्ति को 15 दिन के लिए जेल भेज दिया है। एसडीएम श्री गोपाल वर्मा ने बताया कि सोनगुराड़िया में रहने वाले लाखनसिंह पिता करणसिंह द्वारा ग्राम सोनगुराड़िया में शासकीय भूमि सर्वे नंबर 36/3 पर क्षेत्रफल 53X36 वर्गफीट पर अनाधिकृत दखल एवं कब्जा किया हुआ था। संबंधित व्यक्ति को तहसीलदार खुड़ैल ने तत्काल अनाधिकृत कब्जा खाली करने के निर्देश दिये थे। बावजूद उसके संबंधित व्यक्ति द्वारा निर्देश की अवहेलना, शासकीय भूमि पर अनाधिकृत कब्जा नहीं हटाने पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) खुड़ैल के न्यायालय द्वारा अनावेदक लाखनसिंह पिता करणसिंह निवासी ग्राम सोनगुराड़िया को 15 दिवस की अवधि के लिए जेल भेज दिया गया है।

## कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

## एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के रेवती रेंज इंदौर आगमन की तैयारियां व्यापक स्तर पर चल रही हैं।







# इंदौर के खिलाड़ियों ने पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में परचम लहराया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** वार्ड क्रमांक 77 की लोक प्रिय पार्षद प्रियंका चौहान जी ने बताया रॉ पॉवरलिफटिंग इण्डिया के तत्वावधान मे नेशनल पॉवरलिफटिंग प्रतियोगिता राजस्थान के झालरापाटन मे संपन्न हुई। राजस्थान को विजेता का खिताब मिला एवं मध्य प्रदेश को उपविजेता का खिताब मिला।

प्रतियोगिता मे हर्षिता चौधरी ने स्टांग वूमेन (strong women) एंव अजय चौहान, मो. आसिफ़ इक़बाल, यश हार्डिया, विनय राठौड़ ने स्टांग मैन (strong men) का ख़िताब अपने नाम किया। वहीं प्रतियोगिता में विजय दांगी, आयुष केलवा, नितिन तिवारी, सचिन केवट, करण शर्मा ने अपने-अपने वर्ग में पदक जीते। वहीं इस अवसर पर रॉ पावरलिफ्टिंग मध्य प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष जीतेंद्र वर्मा, महासचिव उज्जवल सिंह पवार एवं कोषाध्यक्ष राहुल अमोलिया ,भाजपा ओबीसी मोर्चा महामंत्री



सुमित राठौर जी भारतीय जनता पार्टी की लोक प्रिय नगर महामंत्री किशोर राजोरे, नगर महामंत्री मनदीप बाजवा, ओबीसी मोर्चा मंत्री रोहित वर्मा, ने खिलाड़ियों को बधाई दी। चयनित खिलाड़ी एशिया रॉ पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप गोवा 2024 में हिस्सा लेंगे।

# शक्कर से भरा ट्रक अचानक पलटा, कंटेनर उससे जा भिड़ा, एक की मौत

## कंटेनर चालक केबिन में ही देर तक फंसा रहा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। किशनगंज थाना क्षेत्र मुंबई आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर सडक हादसे में एक ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई।**

करीब 1 घंटे तक ड्राइवर का शव कंटेनर के केबिन में ही फंसा रहा जिसे पुलिस और ग्रामीण की मदद से बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला गया घटना शुक्रवार कर अचानक पलटी खा गया तभी पीछे से आ रहा दूसरा कंटेनर पीछे से उसमें जा घुसा। इस दौरान कंटेनर चालक केबिन में ही फस गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई जानकारी लगते ही बल के साथ मौके पर पहुंचे और तीन क्रेन और ग्रामीणों की सहायता से करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद ड्राइवर के शव को केबिन में से बाहर निकाला गया।

अभी तक ड्राइवर की पहचान नहीं हो पाई है यह भी नहीं पता चल पा रहा है की ड्राइवर कहां से कहां जा रहा था। फिलहाल पूरे मामले की जानकारी निकाली जा रही है ड्राइवर की भी पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। इधर ड्राइवर के शव को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अम्बेडकर अस्पताल भेजा गया हादसे के दौरान मौके पर जाम भी लग गया था जिसके चलते मार्ग को डायवर्ट किया गया था।

# चाकूबाजी में फरार पार्षद के भतीजों ने किया आत्मसमर्पण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** चार दिन पहले मालवा मिल के सरकारी स्कूल में चाकू बाजी करने वाले पार्षद के भतीजों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। उल्लेखनीय है कि तुकोगंज पुलिस ने गोमा की फेल के रवि चंदेल की रिपोर्ट पर हितेश उर्फ हितु पहाडिया और वीरेंद्र पहाडिया के खिलाफ चाकूबाजी का केस दर्ज किया है। क्रिकेट को लेकर हुए मामूली विवाद बाद आरोपियों ने विशाल परिडवाल और देव दीवार पर चाकू और डंडों से हमला कर दिया था। घटना के बाद से ही दोनों आरोपी फरार थे। पुलिस उनकी तलाश कर रही थी। पुलिस उन्हें पकड़ पाती इससे पहले ही दोनों आरोपियों ने तुकोगंज थाने में सरेंडर कर दिया।

# हिन्दूवादी नेता को जान से मारने की धमकी, मुस्लिमों को बनाया था हिन्दू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मुस्लिम समाज के सदस्यों का धर्मपरिवर्तन करवाने वाले हिन्दू वादी नेता को जान से मारने की धमकी मिली है। ये धमकी भरी चि ि एक महिला ने दी थी। उसके सीसीटीवी फुटेज पुलिस को मिल गए हैं। तुकोगंज पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।**

गत रात मुस्लिमों का धर्म परिवर्तन कर हिन्दू बनाने में मुख्य भूमिका निभाने वाले विश्व हिंदू परिषद के संतोष शर्मा को जान से मारने की धमकी भरी चि ि मिली है।

जंजीर वाला चौराहा स्थित गोकुल रेसीडेंसी में विहिप के संतोष शर्मा के घर पर एक महिला द्वारा चिट्ठी भेजी गई, जिसमें उर्दू में कई शब्द लिखे हुए थे। इसके साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी गई थी।

यहां तैनात सुरक्षा गार्ड ने बताया कि रात एक बजे के करीब बुर्का पहनी एक महिला आई और उसे उर्दू में लिखा हुआ पत्र दिया। महिला ने कहा कि ये चिट्ठी संतोष शर्मा तक पहुंचा देना। गेट पर लगे सीसीटीवी कैमरे में चिट्ठी देने वाली कैद हो गई है। संतोष शर्मा ने इसकी शिकायत तुकोगंज पुलिस को की है। पुलिस का कहना है कि धारा 351 के तहत केस दर्ज कर आरोपी महिला की तलाश की जा रही है। उल्लेखनीय है कि गत दिनो संतोष शर्मा के नेतृत्व में कई मुस्लिम भाईयों ने धर्म परिवर्तन कर हिन्दू धर्म अपनाया था। इसके पहले भी हिन्दू धर्म अपनाने वालों को धमकी मिल चुकी है।

## टल्ला लगा तो चाकू मार दिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** सदर बाजार इलाके में धक्का लगने के विवाद में आरोपी ने एक युवक के साथ मारपीट कर दी और चाकू से हमला कर घायल कर दिया। थाना सदरबाजार पुलिस के मुताबिक घटना जूना रिसाला इलाके में धोबी घाट के पास हुई। घायल युवक का नाम अब्दुल रहमान पिता सलीम खान निवासी सिकंदराबाद कालोनी है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी सलाउद्दीन उर्फ सल्ला निवासी जूना रिसाला के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने धक्का लगने की बात को लेकर विवाद किया और गालियां दीं। जब उसे गाली देने से मना किया तो मारपीट की और चाकू से वार कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।

## सोकर उठा तो लेपटॉप गायब

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बाणगंगा पुलिस को लोटस पार्क कालोनी में रहने वाले राहुल पिता अनिल कुमार सोनी ने शिकायत दर्ज कराई कि कल सुबह जब वह सोकर उठा तो रूम में रखा लेपटॉप गायब था। युवक को जब लेपटाप नहीं मिला तो उसने तलाश कीए आसपास के लोगों से भी पूछताछ कीए हांलाकि जब लेपटाप की जानकारी नहीं मिली तो उसने पुलिस को अज्ञात चोर की शिकायत दर्ज कराई है।

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती, 20 वर्षीय युवती हुई गर्भवती

**इंदौर। नाबालिग ने इंस्टाग्राम पर 20 साल की युवती से दोस्ती की। युवती गर्भवती हुई तो साथ रहने से मना कर दिया। बाद में दोनों साथ रहने लगे। नाबालिग ने खाने में गोली खिलाकर गर्भपात करवा दिया। इसके बाद युवती ने थाने पहुंच शिकायत दर्ज करवाई।**

परदेशीपुरा थाना पुलिस ने 20 वर्षीय पीडिता की शिकायत पर नाबालिग किशोर के खिलाफ रेप का मामला दर्ज किया है। पीडिता ने पुलिस को बताया की उसकी आरोपी से इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी। शादी का झांसा देकर आरोपी ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए।

पीडिता गर्भवती हो गई। पीडिता की मां को पता चला तो उसे घर से निकाल दिया। पीडिता ने शादी के लिए आरोपी से कहा। तो उसने कहा कि वो अभी बालिग नहीं है, इसलिए शादी नहीं हो सकती।

दोनों ने खजराना गणेश मंदिर में शादी कर फोटो खींचकर घर वालों को भेज दी। ताकि उन्हें लगे की हमारी शादी हो गई है। उसके बाद आरोपी और पीडिता साथ रहने लगे। आरोपी ने पीडिता को खाने में गोली दी, जिससे उसका गर्भपात हो गया।

इस पर दोनों के बीच झगड़ा हुआ। आरोपी पीडिता को गाली देकर उसके साथ मारपीट कर घर से चला गया। इसके बाद पीडिता थाने पहुंची और आरोपी नाबालिग पर रेप का केस दर्ज कराया।

## नारकोटिक्स ने गांजा तस्कर पकड़ा

**इंदौर।** इंदौर नारकोटिक्स ने गांजा सप्लाई करने वाले तस्कर साहिल उर्फ मोहसिन को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से 11 किलो गांजा बरामद हुआ है। पुलिस के मुताबिक ग्रीन पार्क कॉलोनी (चंदन नगर) निवासी साहिल के कई ठिकाने है। वह थोक में गांजा खरीद कर पुड़िया बनाकर सप्लाई करता था। गुरुवार को पुलिस ने साहिल को खजराना थाना अंतर्गत वैभव लक्ष्मी नगर से गिरफ्तार कर लिया।

# एमडी ड्रग्स तस्करी मामले में दो साल से फरार आरोपी बंदी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एमडी ड्रग्स की तस्करी के मामले में दो साल से फरार आरोपी को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। उससे अन्य तस्करों के बारे में पूछताछ की जा रही है। आरोपी आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ पूर्व में भी हत्या और प्राणघातक हमले के कई केस दर्ज हैं।**

आपरेशन क्राइम कंट्रोल के तहत पुलिस ने विशेष इनफारमर्स की टीम को सक्रिय किया है। ये टीम ड्रग्स तस्करों पर पैनी नजर रखती है। ऐसे ही एक इनफारमर्स से क्राइम ब्रांच टीम को सूचना मिली कि एनडीपीएस एक्ट के केस का फरार आरोपी शहर में घूमता दिखाई दिया है। टीम ने घेराबंदी करते हुए सगीर उर्फ अद्दा पार्टी को पकड़ा। आदतन आरोपी के तीन साथी जिनका नाम जुबैर, सोहेल, शाहिद उर्फ नाइट्रा था को पूर्व में 130 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया था। इस मामले में शातिर आरोपी सगीर काफी समय से फरार था। उसे गिरफ्तार कर क्राइम ब्रांच आगे कार्रवाई कर रही है।

## 11 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार

इंदौर नारकोटिक्स ने गांजा सप्लाई करने वाले तस्कर साहिल उर्फ मोहसिन को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से 11 किलो गांजा बरामद हुआ है। पुलिस के मुताबिक ग्रीन पार्क कॉलोनी निवासी साहिल के कई ठिकाने है। वह थोक में गांजा खरीद कर पुड़िया बनाकर फोन पर बेचता था। गुरुवार को वैभव लक्ष्मी नगर से गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ कर ये पता लगाया जा रहा है कि वह गांजा कहां से लाता था,कई गांजा तस्करों के नाम सामने आने की संभावना है।

# महाकाल मंदिर के ऊपर ड्रोन उड़ाते हैदराबाद के 3 युवक पकड़ाए

## प्रशासन की अनुमति के बिना महाकालेश्वर मंदिर में किसी भी तरह का ड्रोन उड़ाना प्रतिबंधित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर और मंदिर के ऊपर सुरक्षा कारणों से किसी भी तरह का ड्रोन उड़ाना प्रतिबंधित है। बावजूद इसके शुक्रवार को दोपहर में एक होटल की छत से ड्रोन मंदिर परिसर में उड़ता देखा गया। जिसके बाद मंदिर के सुरक्षा गार्डो ने बड़ा गणेश मंदिर की गली से तीन लोगों को पकड़ा,वहीं इनके साथ उज्जैन निवासी एक युवक ड्रोन कैमरा लेकर भाग गया था। बाद में स्थानीय युवक को भी बुलाकर सभी को मंदिर कंट्रोल रूम से पुलिस चोकी पहुंचाया गया। पुलिस युवकों से पूछताछ कर रही है।**



उल्लेखनीय है कि श्री महाकालेश्वर मंदिर में किसी भी तरह का ड्रोन उड़ाना प्रतिबंधित है। यदि ड्रोन से माध्यम से वीडियो शूट किया जाना है तो मंदिर व पुलिस प्रशासन की अनुमति जरूरी होती है। शुक्रवार को दोपहर में मंदिर के शिखर के आसपास एक ड्रोन उड़ने की सूचना मंदिर के कंट्रोल रूम से मिलने के बाद मंदिर के सुरक्षा गार्डो ने ड्रोन उड़ाने वाले स्थान बड़ा गणेश मंदिर की गली में स्थित एक होटल की छत पर पहुंच कर 3 युवकों को पकड़ा,वहीं एक अन्य स्थानीय युवक गार्डो के पहुंचने पर ड्रोन कैमरा लेकर भाग गया था। पकड़े गए युवकों को कंट्रोल रूम ले जाया गया। तीन युवकों ने अपना नाम सांई कुमार,मुकेश और ओंकार निवासी तेलंगाना हैदराबाद बताया। तीनों युवकों ने पूछताछ में बताया कि जो युवक ड्रोन उड़ा रहा था वह उज्जैन निवासी है उन्होंने केवल मंदिर परिसर का वीडियो मांगने के लिए उसके नंबर लिए थे। तीनों युवकों द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करने पर उज्जैन निवासी रजत शर्मा नाम आ रहा था। बाद में कंट्रोल रूम से फोन लगाकर रजत शर्मा को बुलाया गया तो रजत ने बताया कि ड्रोन हैदराबाद के युवकों का है और वह झूठ बोल रहे हैं। मामलें में सुरक्षा गार्डों ने चारों युवकों को मंदिर की पुलिस चोकी पर भेजा गया जहाँ पुलिस द्वारा पूछताछ की गई।

# विद्यालय में प्राचार्य की अनियमिताएं

## विद्यार्थी परिषद ने ज्ञापन सौंपा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मनावर।** बाकानेर सी एम राईज स्कूल प्राचार्य के खिलाफ अभाविप कार्यकर्तार्ओं ने एसडीएम मनावर के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार सरिता गामड़ को सौंपा। ज्ञापन का वाचन करते हुए अभाविप जिला संयोजक लवेश सोनी ने कहा कि विद्यालय में प्राचार्य की अनियमिताएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही थी। शिक्षकों के साथ दुर्व्यवहार जातिगत रूप से विद्यार्थियों को परेशान करना एवं विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना प्रिंसिपल के लिए आम बात हो चुकी है। प्राचार्य द्वाराबोर्ड स्वाध्याय कक्षा 11वीं व 12वीं के बच्चों के परीक्षा फॉर्म भरने हेतु आउटसोर्सिंग कंप्यूटर ऑपरेटर के धर्मपुरी दिवस का सेंटर पर फॉर्म भरवा गए तथा छात्रों से नगद फीस स्कूल वसूली गई यहां तक की विद्यार्थियों की परीक्षा शुल्क को भी हजम कर गए जिस कारण लगभग 38 विद्यार्थी परीक्षा से वंचित हो रहे थे पर विद्यार्थी परिषद ने आंदोलन कर विद्यार्थियों को परीक्षा में बिठाया और जब एसडीएम कार्यालय पर आयुक्त की जांच हुई विद्यार्थी अपना पक्ष रखने गए तो विद्यार्थियों को टारगेट करते हुए प्राचार्य द्वारा मानसिक रूप से प्रताड़ना दी जा रही है जब विद्यार्थी अपनी एसएलसी लेने प्राचार्य के पास जाते हैं तो उन्हें अपमानित अप शब्दों का प्रयोग और अपमानित प्राचार्य द्वारा किया जाता है प्राचार्य द्वारा साल भर से विद्यालय में एक्रोसिटी एक्ट , कोर्ट , कचहरी आदि शब्दों के नाम से भी डराया व चमकाया जा रहा है प्राचार्य की इन हरकतो की वजह से विद्यालय का मात्र 16% रिजल्ट रहा, यहां तक कि देश के प्रधानमंत्री के ऊपर भी अभद्र टिप्पणी करने में प्राचार्य नही चुके। प्राचार्य द्वारा अपनी मनमानी के चलते उन्होंने मां सरस्वती जी का पूजन स्कूल में बंद कर दिया। विद्यार्थी परिषद की मांग है कि ऐसे अव्यवहारि प्राचार्य को तुरंत निलंबित किया जावे ।

बीएसएफ की लापता

# लेडी कॉन्स्टेबल पश्चिम बंगाल में मिलीं

## पूछताछ में कहा-मर्जी से साथ गई थीं, आकांक्षा की मां ने लगाया था अपहरण का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। टेकनपुर छावनी से लापता हुईं बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (इरत्र) की दो लेडी कॉन्स्टेबल शहाना खातून और आकांक्षा निखर पश्चिम बंगाल में मिल गई हैं। दोनों यहां मुर्शिदाबाद बॉर्डर पर मिली हैं। बीएसएफ के अधिकारी इनसे पूछताछ कर रहे हैं। दोनों अपनी मर्जी से एक साथ जाना बता रही हैं।**

बता दें कि आखिरी बार दोनों लेडी कॉन्स्टेबल को 6 जून 2024 को देखा गया था। लेडी कॉन्स्टेबल आकांक्षा निखर जबलपुर और शहाना खातून पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद की रहने वाली हैं।



बीएसएफ ने बिलौआ थाने में उनकी गुमशुदगी की दर्ज कराई थी। आकांक्षा की मां ने शहाना पर अपहरण का आरोप लगाया था।

### ऐसे हुई थी आकांक्षा और शहाना की दोस्ती

जबलपुर में जोगी मोहल्ला की रहने वाली आकांक्षा निखर (30) एसटीसी (सहायक ट्रेनिंग सेंटर) में बतौर प्रशिक्षक पदस्थ थी। दिसंबर 2023 में उसकी रूम पार्टनर 15 दिन की छुट्टी पर गई थी। इसी बीच पश्चिम बंगाल से शहाना खातून ने खुद को टेकनपुर में अटैच कराया था।

आकांक्षा का रूम खाली होने पर शहाना को उसके साथ रुकने दिया गया। यहीं से दोनों में दोस्ती हो गई। समय के साथ दोस्ती इतनी गहरी हो गई कि दोनों ने एक-दूसरे को ही अपनी दुनिया मान लिया। टेकनपुर छावनी में दोनों किसी से बात नहीं करती थीं। सभी से दूरियां बना ली थीं। दोनों एक-दूसरे के घर जाकर भी रहीं, लेकिन किसी को भनक नहीं लगने दी कि वे क्या करना चाहती हैं।

### शहाना के घर गई थी आकांक्षा की मां

आकांक्षा निखर की मां उर्मिला निखर का कहना था कि बेटी की तलाश में पश्चिम बंगाल में शहाना खातून के घर भी पहुंची थी। यहां शहाना के परिजन ने किसी से नहीं मिलने दिया था। उन्होंने बेटियों के बारे में भी जानकारी नहीं दी। निराश होकर लौट आई थीं। उर्मिला ने पुलिस अफसरों को बताया था कि बेटी की जान को खतरा है और उसे किडनैप किया गया है।

# महिला ने लगाई फांसी, पैर पर लिखे तीन नाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**पन्ना।** पन्ना में एक महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी। उसके पैर पर तीन लोगों के नाम लिखे मिले हैं। परिजन का आरोप है कि मनचले उसे परेशान करते थे। उन्होंने शुक्रवार को ट्रैक्टर में महिला का शव रखकर चक्काजाम कर दिया। घटना सिमरिया थाना क्षेत्र की है।

गनियारी की रहने वाली प्रियंका पटेल (28) पति जयप्रकाश पटेल ने गुरुवार को सुसाइड किया था। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा और घटनास्थल की जांच की। प्रियंका के पैर और हथेली पर संतोष, नीलेश और राजकुमार नाम लिखे मिले। परिजन ने तीनों पर परेशान करने के आरोप लगाए। शुक्रवार को तीनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़ गए। भीड़ बेकाबू हुई तो प्रशासन को पुलिस बल बुलाना पड़ा। परिजन को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं माने। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प भी हुई है। ऐसे में पुलिस को हल्का बल का प्रयोग करना पड़ा।

पुलिस ने गुरवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजन को दे दिया। परिजन और ग्रामीणों ने शुक्रवार को थाने के सामने ट्रैक्टर पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। एसडीओपी सौरव रत्नाकर और राजस्व के अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया, जब वे नहीं माने तो सिमरिया थाना के अलावा मोहन्द्रा पुलिस चौकी, अमानगंज और रैपुरा थाना से भी पुलिस बल बुलाया गया।

# पुलिस ने 14 लाख की चरस, नकदी पकड़ी

## बिहार के दो तस्कर धराएं, इंदौर देने जा रहे थे पौने 3 किलो चरस, रिमांड पर लिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** खंडवा पुलिस ने चरस तस्करों के खिलाफ दूसरी बार बड़ी कार्रवाई की है। पदमनगर पुलिस ने पौने 3 किलो चरस के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। बिहार के रहने वाले तस्करों के कब्जे से 14 लाख रूपए कीमत की चरस बरामद हुई है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि चरस को इंदौर देने जा रहे थे। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज किया। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है।

टीआई अशोकसिंह चौहान के मुताबिक, शुक्रवार को एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर 2 किलो 750 ग्राम मादक पदार्थ चरस जप्त किया गया। एसआई वीरेंद्र अहिरवाल को सूचना मिली थी कि नए बस स्टैंड के यात्री प्रतीक्षालय के पास दो व्यक्ति मादक पदार्थ चरस बिक्री के लिए खड़े है। सूचना के आधार पर मौके पर दबिश दी तो यात्री प्रतीक्षालय के पास दो संदिग्ध व्यक्ति मिले। तलाशी लेने पर बैग पर चरस मिली। दोनों को तत्काल हिरासत में लिया और थाने लेकर आए। आरोपी अताऊर रहमान पिता हबीब शेख, उपेंद्र मुकियाबी पिता भायराव मुकियाबी दोनों बिहार के मोतिहारी जिले से है। आरोपी अताऊर रहमान के कब्जे से 950 ग्राम चरस एवं नगदी 3 हजार 50 रुपए तथा आरोपी उपेंद्र मुकियाबी के कब्जे से कुल 1 किलो 800 ग्राम चरस एवं 84 हजार 500 रुपए नगदी जब्त किए गए। पूछताछ में दोनों ने बताया कि उक्त चरस को वे लोग इंदौर के मल्हारगंज निवासी अब्दुल रउफ पिता अर्जुन पठान को देने जा रहे थे। आरोपियों को विशेष न्यायालय (एनडीपीएस) में पेश किया।

# बदमाशों ने वाहनों पर पथराव कर की लूटपाट, तीन लोग घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बाग। बाग में रात 10 बजे बायपास रोड पर बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाते हुए आने जाने वालेवाहनों पर पथराव किया ,वहीं बाइक सवार दो युवकों पर पथराव कर बाइक गिराते हुए धारदार हथियार के बल पर एक युवक से सोने की चेन, अंगूठी और मोबाइल लूट लिया । चार पहिया वाहन और बाइक पर हुए पथराव में तीन लोगों को चोटें आई और दो चार पहिया वाहन क्षतिग्रस्त हुई है । एक युवक को सर में गंभीर चोट आने से बड़वानी के बाद उपचार के लिए इंदौर रेफर किया गया है।**

पुलिस ने बदमाशों की तलाश में रात भर सर्चिंग की । शुक्रवार को एसडीओ पी ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया । लूटपाट के शिकार युवक ने बाघ थाने पर 90 हजार की नुकसानी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार लूटपाट और पथराव करने वाले बदमाश जल्द ही पकड़े जाएंगे।

बायपास रोड पर लूटपाट और पथराव की घटना 9.30 बजे से 10.30 बजे के बीच हुई । बदमाशों ने बाग के बाइक सवार दो युवक अर्पित राठौड़ और गौरव तापड़िया की बाइक पर पत्थरबाजी कर गिरा दिया ।जमीन पर गिरे गौरव तापड़िया पर धारदार फलिया अड़ाकर सोने की चैन ,अंगूठी ,मोबाइल और दो हजार नगदी लूट लिए । बदमाशों के पथराव में बाइक सवार अर्पित को सर में गहरी चोट लगने से उसे बड़वानी उपचार के लिए भेजा था जहां स्थिति गंभीर होने से उसे इंदौर रेफर किया गया है।

इसी पीरियड में बाग की महेश मेमोरियल स्कूल के डायरेक्टर करुणेश रघुवंशी परिवार के साथ मां बागेश्वरी के दर्शन करके घर जा रहे थे। उनकी कार पर बदमाशों ने पथराव किया जिसमें करुणेश रघुवंशी को सर पर चोट लगने से 10 टांके आए। इसी दौरान महिला शिक्षक राधा शर्मा की कार पर बदमाशों ने पथराव कर कार के शीशे फोड़ दिए । कार में बैठे युवक विश्वेश शर्मा को चोटें आई। जानकारी अनुसार बदमाशों की संख्या 6 से 7 थी और उन्होंने पथराव में नुकीले पत्थरों का इस्तेमाल किया। अस्पताल के पास बायपास रोड पर पथराव, लूटपाट की घटना से लोगों में असुरक्षा का भाव बढ़ा है। एसडीओपी सुनील गुप्ता ने घटना स्थल का निरीक्षण कर बताया कि लूटपाट पथराव करने वाले बदमाश जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## संपादकीय

# पानी ही पानी लापरवाही की बाढ़,

राजधानी दिल्ली के कई इलाकों से कभी लोगों के पानी के लिए तरसने की खबर आती है, तो कभी यहां के कुछ क्षेत्रों में पानी भर जाता है। पिछले महीने दिल्ली के कई हिस्सों में पेयजल का गंभीर संकट पैदा हो गया था। तब दिल्ली सरकार का कहना था कि हरियाणा से यमुना में उसके हिस्से का पूरा पानी नहीं छोड़ा जा रहा है। अब यमुना की एक नहर में इतना पानी आ गया कि दिल्ली के बवाना में तटबंध टूट गए और आसपास के क्षेत्र जलमग्न हो गए। यहां लोगों के लिए पेयजल का भी संकट खड़ा हो गया है, क्योंकि बाढ़ से जलशोधन संयंत्रों को नुकसान पहुंचा है। सरकार इस समस्या से जल्द निजात दिलाने का दावा कर रही है, लेकिन क्या समय रहते इस खतरे को टाला नहीं जा सकता था? दरअसल, हर साल बरसात में यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से दिल्ली में बाढ़ का खतरा बना रहता है। पिछले साल भी यमुना के उफान से राजधानी के कई इलाके जलमग्न हो गए थे। जब सब कुछ पहले से अंदाजा रहता है, तो बाढ़ से बचने के दीर्घकालिक उपायों पर काम क्यों नहीं किया जाता? दिल्ली के बवाना में जिस नहर के तटबंध टूटने से पानी भरा है, वह हरियाणा के करनाल से यमुना नदी से निकलने वाली मुनक नहर का हिस्सा है। दिल्ली सरकार का तर्क है कि इस नहर की देखरेख का जिम्मा हरियाणा सरकार का है। पर जो नहर दिल्ली से होकर जा रही है, क्या उसकी निगरानी करने का कर्तव्य यहां के शासन-प्रशासन का नहीं बनता है? दिल्ली सरकार का कहना है कि संबंधित इलाकों में बाढ़ की स्थिति से निपटने के बाद हरियाणा सरकार के साथ मिलकर नहर के क्षतिग्रस्त होने के कारणों की जांच की जाएगी। अगर इस नहर की नियमित निगरानी की जाती, तो इसके तटबंध टूटने से बचाने के उपाय समय रहते किए जा सकते थे। आशंका है कि ज्यादा बरसात के समय यमुना और इससे निकलने वाली नहरों में जलस्तर और खतरनाक रूप ले सकता है। ऐसे में दिल्ली और हरियाणा सरकारों को बाढ़ के संभावित खतरों से निपटने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में जान-माल के नुकसान से बचा जा सके।




शेख चिल्ली को खुली आंखों से सपने देखने की आदत थी। दिन हो या भरी दोपहर, कभी भी चलते-फिरते या बैठे-बिठाए वो सपने देखा करता था। ऐसा ही एक किस्सा बड़ा ही मशहूर है।

शेख चिल्ली अपने घर में बैठा-बैठा एक दिन सपने में डूब गया। उसके सपने में देखा कि एक बहुत बड़ी और विशालकाय पतंग उड़ रही है, जिसके ऊपर वो सवार है। उसे बड़ा ही मजा आ रहा था और आसमान से नीचे देखने पर उसे बहुत अच्छा महसूस हो रहा था। वो खुशी से उड़ ही रहा था कि तभी उसकी अम्मी की आवाज आई और उसका यह मजेदार सपना पल भर में टूट गया।

शेख चिल्ली की अम्मी जोर से पुकार रही थीं- ''शेख चिल्ली! ओ शेख चिल्ली! कहां हो तुम?''

अम्मी की आवाज पर शेख चिल्ली बोला, ''अम्मी आया अभी, अपनी ख्याली उड़ान से उतर कर शेख चिल्ली घर के आंगन की ओर दौड़ पड़ा।''

जैसे ही शेख चिल्ली अम्मी के सामने पहुंचा। अम्मी बोलीं, ''शेख चिल्ली, मैं तुम्हारी सलमा दीदी के घर जाकर आती हूं। कुछ ही समय में उनकी बेटी की शादी है। मैं वहां उसी की तैयारी करने जा रही हूं। अब वहां से मैं शाम को ही लौटूंगी और आउंगी तो तेरे लिए मिठाइयां भी लेती आउंगी। तब तक तुम जंगल जाकर दरांती (घास काटने का औजार) से कुछ घास काट लाना। पड़ोसी की गाय को चारे के लिए घास मिल जाएगी और हमें उसके बदले कुछ पैसे मिल जाएंगे।''

इस पर शेख चिल्ली बोला, ''हां, अम्मी ले आऊंगा और फिर शेख चिल्ली जंगल जाने के लिए तैयार हो गया और उसने हाथों में दरांती उठा ली।''

तभी अम्मी ने नसीहत देते हुए कहा, ''सावधानी से जंगल की ओर जाना और रास्ते में कहीं बैठकर सपने न  देखने लगना। वहीं दरांती को होशियारी से उपयोग करना और उसे अच्छे से पकड़ना। नहीं तो तुम्हारा हाथ कट सकता है।''

शेख चिल्ली ने अम्मी को तसल्ली देते हुए कहा, ''अम्मी चिंता न करें, मैं होशियारी से काम लूंगा।''

अम्मी के जाते ही शेख चिल्ली जंगल की ओर चल दिया। रास्ते में चलते हुए उसे उन मिठाईयों का ध्यान आने लगा जो अम्मी सलमा दीदी के यहां से लाने वाली थीं। उसे ख्याल आते रहे कि आज कौन सी मिठाई खाने को मिलेगी। शायद रसदार गुलाब जामुन या फिर स्वादिष्ट रसगुल्ले और पेड़े। यह सोचकर शेख चिल्ली का मुंह पानी से भर गया और उसकी लार टपकने लगी।

तभी अचानक शेख चिल्ली को रास्ते में पड़े किसी पत्थर से ठोकर लगी और वो अपने सपनो से निकल कर फिर हकीकत में आ गया। ''अरे रे रे, क्या कर रहा हूं मैं ये, अम्मी ने मना किया था कि रास्ते में जाते वक्त सपने मत देखना, लेकिन ये क्या, ओहो'' शेख चिल्ली ने खुद को समझाया।

इसके बाद जंगल पहुंच कर शेख चिल्ली ने बहुत सारी घास काटी और एक बड़ी सी गठरी बनाकर उसे सिर पर रखा और घर वापस आ गया। घास की गठरी उसने पड़ोसी को दी और उसके बदले उसे थोड़े पैसे मिल गए। तभी उसे ध्यान आया कि वो घास काटने के लिए जो दरांती ले गया था, उसे वह जंगल में कहीं छोड़ आया है।

शेख चिल्ली को अम्मी का गुस्सा ध्यान आया और वो जंगल में वापस दरांती लेने के लिए दौड़ पड़ा। उसे दरांती वहीं मिली, जहां वो उसे छोड़ गया था। मगर, शेख चिल्ली ने जैसे ही दरांती उठाने की कोशिश की उसके हाथ जलने लगे और उसने दरांती फौरन छोड़ दी। जाहिर है, तेज धूप में पड़ी लोहे की दरांती बहुत गर्म हो गई थी, लेकिन इस बात की समझ शेख चिल्ली में नहीं थी। वो उसको उलट-पलट कर देख रहा था। वह यह समझने की खूब कोशिश कर रहा था कि आखिर दरांती इतनी गर्म कैसे हो गई, मगर उसकी समझ में कुछ भी नहीं आया।

शेख चिल्ली इस पहेली को सुलझाने की कोशिश कर ही रहा था कि तभी उसके घर के करीब में रहने वाला जुम्मन वहां से गुजरा और उसने शेख चिल्ली को हैरान होते हुए देखा। जुम्मन ने शेख चिल्ली से पूछा, ''क्या हुआ? दरांती को तुम ऐसे हैरान होकर क्यों देख रहे हो?''

इस पर शेख चिल्ली बोला, ''पता नहीं मेरी दरांती को क्या हो गया है। पता नहीं कैसे यह बहुत ज्यादा गर्म हो गई है।''

शेख चिल्ली की बात सुनकर जुम्मन मन ही मन हंसा और फिर उसने सोचा कि यह बहुत बड़ा मूर्ख है, जो इतनी छोटी सी बात नहीं समझ पा रहा है। उसके बाद जुम्मन ने शेख चिल्ली की इस मूर्खता का लाभ उठाने का सोचा और कहा, ''मुझे ऐसा लग रहा है कि तुम्हारी दरांती बुखार आने के कारण इतनी गर्म हो गई है।''

जुम्मन की यह बात सुनकर शेख चिल्ली और भी ज्यादा परेशान हो गया। शेख चिल्ली की बढ़ती परेशानी को देख जुम्मन बोला, ''हमें इस दरांती का इलाज करने के लिए हकीम के पास ले जाना होगा।''

तभी जुम्मन ने सोचा शेख चिल्ली की इस मूर्खता का फायदा उठाकर इस दरांती को क्यों न हथिया लिया जाए। फिर उसने योजना बनाते हुए कहा, ''अरे नहीं, हकीम को छोड़ो, मुझे पता है बुखार का इलाज कैसे किया जाता है। मेरी दादी को भी अक्सर बुखार आ जाता है। मैंने हकीम को अपनी दादी का इलाज करते हुए देखा है। उन्हें देखकर मैंने भी बुखार का इलाज करना सीख लिया है। मैं इस दरांती का बुखार आसानी से उतार सकता हूं।''

फिर क्या था, दरांती उठाकर जुम्मन आगे-आगे चलने लगा और उसके पीछे शेख चिल्ली भी चल पड़ा। आगे जाकर जुम्मन एक कुएं के पास रुका और फिर उसने दरांती को पास पड़ी एक रस्सी से बांधा और फिर उसे कुएं में लटका दिया।

इसके बाद जुम्मन ने शेख चिल्ली से कहा कि इसे ऐसी ही शाम तक लटके रहने दो। उम्मीद है कि रात तक दरांती का बुखार उतर जाएगा। उसके बाद तुम इसे यहां से घर ले जाना। हकीकत यह थी कि जुम्मन उस दरांती को शेख चिल्ली के जाने के बाद वहां से ले जाने वाला था।

अब शेख चिल्ली तो मूर्ख था, उसे जुम्मन के इरादे समझ नहीं आए और वह उसकी बात मानकर अपने घर लौट आया। शाम को जब उसे दरांती का ध्यान आया तो वह दरांती देखने के लिए कुएं की ओर चल दिया। शेख चिल्ली घर से निकला ही था कि तभी उसे जुम्मन की दादी की सिसकने की आवाज सुनाई दी।

दादी की आवाज सुनकर शेख चिल्ली जुम्मन के घर चला गया। वहां उसने देखा कि जुम्मन की दादी को तेज बुखार है और वह दर्द से सिसक रही हैं।

इस पर शेख चिल्ली ने सोचा कि उसे जुम्मन की दादी की मदद करनी चाहिए। इस ख्याल के साथ शेख चिल्ली ने दादी को पास पड़ी रस्सी से अपनी पीठ पर लाद कर बांध लिया और कुएं की ओर चल पड़ा। आस-पास के लोगों ने जब यह सब देखा तो सभी ने शेख चिल्ली को रोकने की बहुत कोशिश की। मगर, सबकी अनसुनी करते हुए शेख चिल्ली जुम्मन की दादी को कुएं तक ले आया।

दरअसल, जुम्मन दादी की दवा लेने गया था, इसलिए वह दरांती लेने कुएं पर नहीं आ पाया था। इस वजह से जब शेख चिल्ली कुएं पर पहुंचा तो उसे दरांती उसी जगह मिली। उसने फौरन रस्सी खींचकर दरांती निकाली और जुम्मन की दादी को कुएं लटकाने की तैयारी करने लगा।

तभी जुम्मन और उसके पिता को जब इस बात का पता चला कि शेख चिल्ली जुम्मन की दादी को पीठ पर लादकर कुएं की ओर ले गया है तो भागते हुए वे दोनों कुएं के पास पहुंचे। वहां उन्होंने देखा कि शेख चिल्ली दादी को कुएं में लटकाने की पूरी तैयारी कर चुका है।

यह देखकर जुम्मन के पिता तेजी से चिल्लाए, ''अरे पागल, यह करने जा रहा है तू।''

शेख चिल्ली को कहां कुछ मालूम था, वह तो अपनी समझ से दादी का इलाज करने जा रहा था। इसलिए उसने बहुत आराम से जवाब देते हुए कहा कि दादी को बहुत तेज बुखार है। इसलिए मैं उनका इलाज करने जा रहा हूं।

इस पर जुम्मन के पिता ने गुस्साते हुए पुछा कि यह इलाज का कौन सा तरीका है। इस पर शेख चिल्ली बोला कि यह तरीका तो मुझे खुद जुम्मन ने बताया है। उसी ने मुझे बताया कि हकीम दादी का ऐसे ही इलाज करते हैं और उसने मेरी दरांती का बुखार भी ऐसे ही ठीक किया था।

शेख चिल्ली की ये बात सुनकर जुम्मन के पिता गुस्से से लाल हो गए और जुम्मन को घूरने लगे। अब जुम्मन अपनी ही चाल में फंस गया था और अपने किए पर शर्मिंदा था। जुम्मन के पिता को सारी बात समझ आ गई थी। उन्होने जुम्मन को मारने के लिए डंडा उठा लिया और उसे पीटने लगे।

नासमझ शेख चिल्ली हैरान था कि जुम्मन के पिता जुम्मन को क्यों मार रहे हैं। मगर, जुम्मन के पिता इतने गुस्से में थे कि उसने उनसे कुछ भी पूछना उचित नहीं समझा और घर लौट आया। घर पर शेख चिल्ली की अम्मी मिठाइयों के साथ उसका काफी देर से इंतजार कर रही थीं।

### कहानी से सीख

बुखार का इलाज शेख चिल्ली की कहानी से यह सीख मिलती है कि दूसरों के लिए गड्ढा खोदने वाले एक दिन खुद उसी गड्ढे में गिरते हैं।

New Delhi

# 23 राज्यों में पांच दिन भारी बारिश का अलर्ट, बाढ़ में घिरे यूपी के 800 गांव; बिहार में वज्रपात का कहर

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पूरे देश में मानसूनी बारिश जारी है। पहाड़ी और पूर्वोत्तर के राज्यों में बारिश आसमान से आफत बनकर टूट रही है। उत्तराखंड के जोशीमठ में भूस्खलन के चलते बंद बदरीनाथ हाईवे 83 घंटे बाद खुल गया है। हाईवे बंद होने से लगभग साढ़े चार हजार यात्री जगह-जगह फंस गए थे। बिहार में बिजली गिरने से बीते 24 घंटे में 21 और लोगों की जान चली गई है। असम में बाढ़ की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है, लेकिन अभी भी 12 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। देश के 23 राज्य में अलग-अलग स्थानों पर अगले पांच दिन भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है और मौसम विभाग ने रेड, ऑरेंज और यलो अलर्ट जारी किए



हैं। उत्तराखंड में पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश हो रही है। इसके चलते पहाड़ दरक रहे हैं। मंगलवार सुबह सात बजे जोशीमठ में चुंगीधार के पास बदरीनाथ हाईवे पर मलबा आ गया था। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की टीम मलबा हटाने में जुटी थी कि उसी दिन फिर सुबह 11 बजे पहाड़ का बड़ा हिस्सा टूट गया और भारी भरकम चट्टान सड़क पर अटक गई। बदरीनाथ विधानसभा उपचुनाव में मतदान कराने के लिए जा रहीं पोलिंग पार्टियों के साथ ही बड़ी संख्या में चार धाम यात्रा पर निकले श्रद्धालु भी फंस गए थे।

शुक्रवार शाम हाईवे को पहले पैदल यात्रियों के लिए भी फिर वाहनों के लिए खोल दिया गया। हाईवे खुलते ही वहां मौजूद श्रद्धालुओं ने जय बदरीविशाल और जो बोले सोनिहाल के जयकारे लगाए।

Haryana

एक मुखबिर की खबर...

## खेत में फंसी कार फिर गोलियों की बौछार, सोनीपत में हुआ ट्रिपल एनकाउंटर



**सोनीपत/नई दिल्ली, (एजेंसी)** हरियाणा के सोनीपत में भाऊ गैंग के तीन शूटर एसटीएफ सोनीपत व दिल्ली क्राइम ब्रांच के साथ हुई मुठभेड़ में ढेर हो गए. दिल्ली की टीम बदमाशों का पीछा कर रही थी और एसटीएफ सोनीपत की टीम ने छिनौली रोड पर नाका लगा रखा था. नाका पर पुलिस को देख तीनों ने 25 से 30 राउंड फायर किए. जिसमें पुलिस ने बचाव में फायरिंग की तो तीनों घायल हो गए. इसके बाद अस्पताल में उनकी मौत हो गई.

जानकारी के अनुसार, रात करीब नौ बजे एसटीएफ सोनीपत प्रभारी योगेंद्र दहिया की टीम गश्त कर रही थी. वहीं न्यू दिल्ली रेंज क्राइम ब्रांच की एक टीम भी खरखौदा क्षेत्र में थी. इसी दौरान टीम को सूचना मिली कि भाऊ गैंग से जुड़े तीन बदमाश छिनौली रोड से आने वाले हैं. पुलिस को उनके पास हथियार होने की सूचना मिली.

इस पर दिल्ली की टीम ने उनका पीछा करना शुरू कर दिया. एसटीएफ को सूचना मिली तो टीम ने छिनौली रोड पर नाका लगा दिया. कुछ देर बाद सफेद रंग की कार पुलिस को आती दिखी. एसटीएफ की टीम ने उसे रोकने का प्रयास किया तो कार सवार बदमाशों ने भागने की कोशिश की. पुलिस ने रोकने की कोशिश को तो उन्होंने फायरिंग कर दी.

एसटीएफ व दिल्ली पुलिस की टीमों ने बदमाशों को सरेंडर करने को कहा तो वे फायरिंग करते रहे. तीनों ने 25 से 30 गोलियां चलाईं.

Rajasthan

## जयपुर में राष्ट्रीय करणी सेना और राजपूत करणी सेना के बीच मारपीट-फायरिंग

**जयपुर, (एजेंसी)** जयपुर के चित्रकूट इलाके में राष्ट्रीय करणी सेना के ऑफिस में फायरिंग की घटना सामने आई है. इसके बाद राष्ट्रीय करणी सेना के समर्थकों ने राजपूत सेना के प्रमुख महिपाल सिंह मकराना से मारपीट कर दी. दोनों पक्षों में एक-दूसरे पर फायरिंग का आरोप लगाया है. पुलिस ने बताया कि चित्रकूट इलाके में स्थित करणी सेना के कार्यालय में फायरिंग की सूचना मिली थी. मौके पर पहुंची टीम को कारतूस का खोल भी बरामद किया है. शुरुआती जांच में पता चला है कि महिपाल सिंह चित्रकूट इलाके में शिव सिंह के ऑफिस पर बातचीत करने गए थे. इसी दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई और विवाद बढ़ गया. विवाद के बाद एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर फायरिंग कर दी. गोली किसी को नहीं लगी है.वहीं, फायरिंग के बाद राष्ट्रीय करणी सेना के ऑफिस में मौजूद शिव सिंह के समर्थकों ने महिपाल सिंह मकराना से मारपीट की. मारपीट में घायल हुए महिपाल को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया था. दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर फायरिंग का आरोप लगाया है.

Bihar

## पटना में शादी समारोह में ताबड़तोड़ फायरिंग, गोली लगने से दो की मौत

**पटना, (एजेंसी)** बिहार की राजधानी पटना से बड़ी खबर है जहां एक शादी समारोह में अंधाधुंध फायरिंग के बाद खुशी का माहौल मातम में बदल गया। गोली लगने से दो लोगों की मौत हो गई। घटना खगौल थाना क्षेत्र के मुस्तफापुर की है। शादी के दौरान मैरिज हॉल में ताबड़तोड़ गोलियां चलाई गईं जिसमें दो लोगों की जान चली गई। पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है और छानबीन में जुट गई है। घटना के बाद शादी में शामिल कई लोग फरार हो गए। पुलिस वर और वधू पक्ष के लोगों से पूछताछ कर जानकारी जुटा रही है। मृतक जमुई और भागलपुर के रहने वाले बताए जा रहे हैं। बारात जमुई के मलयपुर से आई थी। मृतक गोल्डन सिंह और श्रवण सिंह बताये जा रहे हैं। दोनों मलयपुर के रहने वाले बताए जाते हैं। इस



घटना से बिहार पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए जा रहे हैं।

स्थानीय लोगों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक मरने वाले जीजा और साला थे। पुलिस ने मौके से छह खोखा बरामद किया है। शुक्रवार की शाम जमुई के मलयपुर थाना इलाके के मयलपुर गांव से पटना के दानापुर में बारात आई थी।

खेल

# विंबलडन 2024: मेदवेदेव को हराकर अल्काराज की फाइनल में एंट्री

**नई दिल्ली, (एजेंसी) कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को विंबलडन 2024 में पांचवीं वरीयता प्राप्त डेनियल मेदवेदेव को हराकर फाइनल में जगह बनाई। पुरुष एकल सेमीफाइनल में खराब लय में शुरुआत करने के बावजूद, अल्काराज ने हिम्मत दिखाई और विंबलडन में लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंचे। सेमीफाइनल का पहला सेट हारने के बाद अल्काराज ने वापसी की और 6-7(1), 6-3, 6-4, 6-4 से जीत हासिल कर शीर्ष पर पहुंच गए। अल्काराज रविवार (14 जुलाई) को नोवाक जोकोविच से फाइनल में भिड़ेंगे।**

स्पेन के अल्काराज 21 साल में अपना चौथा ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने की कोशिश में जुटे हैं। शुरुआती सेट में उनका





प्रदर्शन औसत रहा जिसके बाद उन्होंने स्फूर्ति से वापसी करते हुए आक्रामक खेल दिखाया और मुकाबला जीत लिया। अल्काराज ने 2022 में अमेरिकी ओपन और पिछले महीने फ्रेंच ओपन में भी जीत हासिल की।

अभी तक ग्रैंडस्लैम फाइनल में उनका रिकॉर्ड 3-0 रहा है और अब खिताब के लिए वह लड़ेंगे। एक साल पहले अल्काराज ने विम्बलडन के सेमीफाइनल में 2021 अमेरिकी ओपन चैम्पियन मेदवेदेव को सीधे सेटों में हराया था और फाइनल में जोकोविच को पांच सेट में पराजित कर खिताब जीता था।

सेंटर कोर्ट में तीसरे वरीय अल्काराज को पांचवें नंबर के खिलाड़ी मेदवेदेव से कुछ उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ा। रूस के 28 वर्षीय मेदवेदेव अपने करियर के सातवें ग्रैंडस्लैम के फाइनल में पहुंचने की कोशिश में जुटे थे। मेदवेदेव ने शुरुआत में 5-2 की बढ़त हासिल की। लेकिन फिर अपने खेल और गुस्से के कारण परेशानी में पड़ गया।

अल्काराज ने ड्रॉप शॉट से इसे 5-4 कर दिया। इस शॉट को चेयर अंपायर ईवा असदेराकी ने सही करार दिया। मेदवेदेव ने सेट के टाईब्रेकर में इसे अपने नाम किया। अल्काराज ने फिर सही दिशा में आगे बढ़ते हुए आक्रामक खेल दिखाया। उन्होंने मेदवेदेव की गलतियों का फायदा उठाते हुए अपने कौशल के बूते अगले तीन सेट जीतकर फाइनल में जगह बनाई।

सिनेमा

## दीपिका पादुकोण 7 महीने की प्रेग्नेंसी में ऐसे सज-धजकर पहुंची, भारतीय संस्कृति वाले अवतार ने चुराया फैंस का दिल



शुक्रवार शाम को मुंबई में आयोजित अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में होने वाली मां दीपिका पादुकोण सबका ध्यान अपनी ओर खींचने वाली स्टार बन गईं। दीपिका पादुकोण लाल रंग की ड्रेस में राजसी अंदाज में, सितारों से सजी अंबानी की शादी में शामिल होने आईं। उन्होंने खूबसूरत लाल अनारकली पहनी और तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम पर शेयर कीं। उनकी ड्रेस के साथ एक्सेसरीज भी बिल्कुल शाही लुक दे रही हैं। दीपिका का ये देसी अवतार देखकर उनके फैंस दीवाने हो गए।

तोरानी के डिजाइन किए हुए एक सुंदर लाल अनारकली पहने, Deepika Padukone ने शटरबग्स के लिए रेड कार्पेट पर पोज नहीं दिया बल्कि अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए फैंस को अपने लुक की एक झलक दी। उनकी ड्रेस की कीमत लगभग 145500 रुपये है। पीकू स्टार ने अपनी पारंपरिक ड्रेस को एक चोकर हार के साथ सजाया था, जिसे ऑनलाइन फैशन समीक्षक डाइटसब्या ने डिजाइन किया था और कहा कि इसका महाराजा रणजीत सिंह के परिवार के साथ एक ऐतिहासिक संबंध है।

Highlights

1. **Ceiling fan falls on girl's hand in MP school, leaves her bleeding**
2. **7 Congress MLAs cross-voted for NDA in Maha Council polls: Report**
3. **Odisha Guv Das' son beats up staffer for not sending luxury cars to pick him up**
4. **FIR against IAS trainee Khedkar's parents for threatening farmer**
5. **Counting of votes underway for by-polls for 13 Assembly seats in 7 states**

# Retail inflation rises to 5.08 per cent in June, says govt data

**NEW DEIHI, (Agency).** Retail inflation climbed to 5.08 per cent in June due to higher prices of kitchen items, according to government data released on Friday.

The Consumer Price Index (CPI) based retail inflation was 4.8 per cent in May 2024 and 4.87 per cent in June 2023.

Food prices push inflation

Inflation in the food basket increased to 9.36 per cent in June from 8.69 per cent in May, as per the National Statistical Office (NSO).

Food prices continue to challenge policymakers in India. Government data released on Friday showed month-on-month increases in retail inflation for cereals, meat and fish, eggs, dairy, oils and fats, fruits, vegetables, pulses, sugar, spices, and



prepared snacks and sweets.

The data were collected from 1,114 urban markets and 1,181 villages across all states and union territories through personal visits by field staff.

How will retail inflation affect RBI's repo rate decision?

The government has mandated the Reserve Bank of India (RBI) to keep CPI inflation at 4 per cent, with a margin of 2 per cent on either side. The RBI projected CPI inflation for 2024-25 at 4.5 per cent, with Q1 at 4.9 per cent, Q2 at 3.8 per cent, Q3 at 4.6 per cent, and Q4 at 4.5 per cent.

Retail inflation is a key factor in the RBI's bi-monthly monetary policy decisions.

Since May 2022, excluding recent pauses, the RBI has increased the repo rate by a total of 250 basis points to combat inflation. Raising interest rates is a monetary policy tool used to reduce demand in the economy, which helps lower the inflation rate.

# CCI says Apple engaged in ‘abusive conduct’; slams iPhone maker's dominance in apps market

**NEW DEIHI, (Agency).** An investigation by India's antitrust body has found that Apple exploited its dominant position in the market for app stores on its iOS operating system, engaging "in abusive conduct and practices", a confidential report seen by Reuters showed.

The Competition Commission of India (CCI) has been investigating Apple Inc since 2021 for possibly abusing its dominant position in the apps market by forcing developers to use its proprietary in-app purchase




system.

Apple has denied wrongdoing saying it was a small player in India where phones that use Google's Android system are dominant.

The CCI's investigations unit, in its 142-page report which is not public but was seen by Reuters, said Apple wields "significant influence" over how digital products and services reach consumers, especially through its iOS platform and App Store.

"Apple App Store is an unavoidable trading partner for app developers, and resultantly, app developers have no choice but to adhere to Apple's unfair terms, including the mandatory use of Apple's proprietary billing and payment system," the CCI unit said in the June 24 report.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक